This Question Paper consists of **51** questions and **9** printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में **51** प्रश्न तथा **9** मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Code No. 71/SS/315**
**कोड नं.**

**SET/सेट- A1**

# HISTORY
# इतिहास
# (315)

**Day and Date of Examination**
**(परीक्षा का दिन व दिनांक)** ______________________________

**Signature of Invigilators :**
**(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)** 1. ______________________________

2. ______________________________

*General Instructions :*

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. **71/SS/315**, **Set - A1** on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and **English**, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिक में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं **71/SS/315**, **सेट - A1** लिखें।
5. (क) प्रश्न – पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं:
   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी बाँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।
   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# इतिहास

# (315)

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

---

**निर्देश:** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **51** प्रश्न हैं।

(ii) सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उस प्रश्न के सामने दिये गये हैं।

(iv) सभी खण्डों में **वैकल्पिक मॉड्यूल-6A और वैकल्पिक मॉड्यूल-6B** वाले प्रश्नों में से केवल एक विकल्प का ही उत्तर लिखना है।

(v) **खण्ड – क :**

(a) प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। इस प्रश्नों में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प को चुनकर उत्तर के रूप में लिखिए।

(b) प्रश्न संख्या **21** से **35** दो-दो अंक वाले वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न में **1** अंक के दो उपभाग हैं। इन प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार लिखिए।

(vi) **खण्ड - ख :**

(a) प्रश्न संख्या **36** से **41** अति लघूउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है, जिसका उत्तर **30** से **50** शब्दों में लिखना है।

(b) प्रश्न संख्या **42** से **47** लघूउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है, जिसका उत्तर **50** से **80** शब्दों में लिखना है।

(c) प्रश्न संख्या **48** से **50** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है, जिसका उत्तर **80** से **120** शब्दों में लिखना है।

(d) प्रश्न संख्या **51** मानचित्र पर आधारित प्रश्न है, जो **5** अंक का है। (दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र पर आधारित प्रश्न के स्थान पर वैकल्पिक प्रश्न दिए गए हैं)

इनमें से कुछ प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में आपको केवल किसी एक विकल्प का ही उत्तर लिखना है।

**निर्देश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2.15 बजे किया जाएगा। 2.15 बजे से 2.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## खण्ड – क

1. पुरातात्विक खोजों के आधार पर हड़प्पा सभ्यता का समय निश्चित किया गया है : **1**
   (A) 2000 ई. पू. से 1500 ई. पू. (B) 2600 ई. पू. से 1900 ई. पू.
   (C) 2600 ई. पू. से 2200 ई. पू. (D) 1900 ई. पू. से 1600 ई. पू.

2. हड़प्पा मोहरें सामान्यतः किस पदार्थ से बनायी जाती थी ? **1**
   (A) हाथी दाँत (B) कार्नेलियन (C) सेलखड़ी (D) शंख

3. उस वेद का नाम बताइये जो बुरी आत्माओं और बीमारियों को दूर भगाने के लिये जादुई मंत्र और ताबीज आदी से संबंधित मंत्रों का संग्रह है : **1**
   (A) ऋगवेद (B) यजुर्वेद (C) सामवेद (D) अथर्ववेद

4. कुषाण मूलतः किस जाति से संबंधित थे ? **1**
   (A) यूची (B) हान
   (C) चिन (D) शंग

5. पुलकेशिन द्वितीय निम्नलिखित में से किस वंश का शासक था ? **1**
   (A) वाकाटक (B) चालुक्य (C) पल्लव (D) गुप्त

6. अलवार संत निम्न में से किस देवता के उपासक थे ? **1**
   (A) विष्णु (B) शिव (C) राम (D) गणेश

7. तराइन का पहला युद्ध कब लड़ा गया था ? **1**
   (A) 1191 (B) 1193 (C) 1195 (D) 1196

8. उस महिला शासक का नाम बतायें जिसने मुग़लों के साथ युद्ध किया। **1**
   (A) लक्ष्मी बाई (B) रज़िया (C) अहिल्या बाई (D) चाँद बीबी

9. चहलग़ानी समूह किसके द्वारा बनाया गया था ? **1**
   (A) बलबन (B) अलाउद्दीन खिलज़ी
   (C) इल्तुतमिश (D) सिकन्दर लोदी

10. पीर किसको कहते हैं ? **1**
    (A) अलवार संत (B) सूफी शिक्षक (C) नयनार संत (D) उलेमा

11. 1772 में बंगाल का गवर्नर कौन था ? **1**
    (A) वारेन हेस्टिंग्ज (B) विलियम बेंटिंक
    (C) लार्ड हेस्टिंग्ज (D) चार्ल्स कार्नवालिस

12. फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना निम्न में से किसके द्वारा की गई ? **1**
    (A) लार्ड डलहौजी (B) लार्ड वेलेजली
    (C) लार्ड केनिंग (D) वारेन हेस्टिंग्ज

**13.** सती प्रथा का विरोध करने वाले समाज सुधारक का नाम क्या था ? **1**

(A) ज्योतिबा फुले (B) गोविंद रानाडे
(C) राजा राम मोहन राय (D) स्वामी दयानंद सरस्वती

**14.** 'पावर्टी एंड अन ब्रिटिश रुल इन इंडिया' पुस्तक के लेखक कौन हैं ? **1**

(A) रोमेश चंद्र दत्त (B) गोविंद रानाडे
(C) बाल गंगाधर तिलक (D) दादा भाई नौरोजी

**15.** भारतीय राष्ट्रवाद का विचार __________ जुड़वाँ विचारों पर आधारित था। **1**

(A) भारतीय औपनिवेशिक शासन के समर्थन पर
(B) भारतीय लोगों की एकता
(C) ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन का विरोध
(D) (B) और (C) दोनों

**16.** 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना में निम्न में से किसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ? **1**

(A) दादा भाई नौरोजी (B) के.एम. मुंशी
(C) ए.ओ. ह्यूम (D) केशव चंद्र सेन

**17.** 1905 में बंगाल विभाजन की घोषणा किसने की थी ? **1**

(A) लार्ड कर्ज़न (B) लार्ड डलहौजी (C) लार्ड लिटन (D) लार्ड इरविन

**18.** एनी बेसेंट एवं तिलक द्वारा शुरू किये गये आंदोलन का नाम बतायें। **1**

(A) भारत छोड़ो आंदोलन (B) होमरुल आंदोलन
(C) असहयोग आंदोलन (D) स्वदेशी आंदोलन

**19.** रॉलट सत्याग्रह कब प्रारंभ हुआ ? **1**

(A) 1918 (B) 1920 (C) 1919 (D) 1921

**20.** पूर्व-पश्चिम संघर्ष में शिथिलता लाने के लिये प्रयोग किया जाने वाला शब्द कौन सा है ? **1**

(A) शीत युद्ध (B) डेटान्ट (C) ओस्टपोलिटिक (D) साल्ट-I

**21.** रिक्त स्थान भरिये : **1x2=2**

शक शासकों में सबसे प्रसिद्ध शासक __________ था। जिसका साम्राज्य करीब पूरे __________ भारत में फैला था।

**22.** रिक्त स्थान भरिये : **1x2=2**

गुप्त साम्राज्य का वास्तविक संस्थापक __________ था। उसने __________ की उपाधि धारण की।

**23.** रिक्त स्थान भरिये : **1x2=2**

इस्लाम की स्थापना __________ के द्वारा 570 – 632 ईसवी के मध्य की गयी। मुस्लिम धर्म में एक दिन में __________ बार नमाज पढ़नी होती है।

**24.** रिक्त स्थान भरिये : **1x2=2**
हुमायूँ को शेरशाह ने __________ के युद्ध में 1540 में हरा दिया।
हुमायूँ को हराने के बाद शेरशाह ने खुद को __________ शासक घोषित कर दिया।

**25.** निम्नलिखित कथनों को पूरा कीजिये : **1x2=2**
कबीर __________ भक्तों का उदाहरण हैं और तुलसीदास __________ भक्तों का उदाहरण हैं।

**26.** रिक्त स्थान भरिये : **1x2=2**
रेगुलेटिंग एक्ट __________ में पारित हुआ। __________ भारत का प्रथम गवर्नर जनरल बना।

**27.** नीचे दिये गये कथनों को पूरा करें : **1x2=2**
1813 में __________ एक्ट पारित हुआ। इस एक्ट में कंपनी को हर वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में __________ रुपये खर्च करने को कहा गया।

**28.** रिक्त स्थान भरिये : **1x2=2**
राज्य विलय नीति / हड़प नीति __________ द्वारा शुरू की गयी थी।
इस नीति का प्रयोग भारतीय राज्यों को ब्रिटिश राज्य में __________ था।

**29.** रिक्त स्थान भरिये : **1x2=2**
राष्ट्र संघ __________ रोकने में असफल रही।
1931 में जापान ने __________ पर आक्रमण किया।

**30.** निम्नलिखित कथन को पूरा कीजिये : **1x2=2**
शीत युद्ध __________ और __________ के बीच द्विध्रुवीय टकराव था।

**31.** रिक्त स्थान भरिये : **1x2=2**
पाबलो पिकासो __________ चित्रकार था जो चित्रकला के क्षेत्र में __________ को शुरू करने के लिये प्रसिद्ध है।

**मॉड्यूल - 6A और 6B में से किसी एक के प्रश्न का उत्तर दीजिये :**

**वैकल्पिक मॉड्यूल - 6A**

**(भारत में राज्यों का विकास)**

**32.** रिक्त स्थान भरिये : **1x2=2**
गुप्त साम्राज्य प्रांतों में बंटा था, जिन्हें __________ कहते थे। प्रांतों की छोटी इकाई __________ कहलाती थी।

**33.** रिक्त स्थान भरिये : **1x2=2**
गुप्त काल में एक __________ यात्री फाह्सान ने भारत की यात्रा की, जो एक __________ भिक्षु था, उन्होंने अपने अनुभवों का विवरण लिखा।

**34.** रिक्त स्थान भरिये : **1x2=2**
इल्तुतमिश ने __________ और __________ सिक्के जारी किये।

35. रिक्त स्थान भरिये : 1x2=2

मैकॉले ने __________ का कड़ा विरोध किया और वह जन सामान्य को __________ देने के पक्ष में नहीं था।

## वैकल्पिक मॉड्यूल – 6B

## (भारत में सांस्कृतिक विकास)

32. रिक्त स्थान भरिये : 1x2=2

__________ गोलाकार टीले होते थे जिसके अन्दर __________ या किसी महत्वपूर्ण भिक्षु के अवशेष रखे जाते थे।

33. रिक्त स्थान भरिये : 1x2=2

__________ लिपि अभी तक पढ़ी नहीं जा सकी है।

__________ को सभी आधुनिक भारतीय लिपियों की जननी कहा जाता है।

34. निम्नलिखित कथन को पूरा करें : 1x2=2

जातक की कहानियाँ __________ की गुफा की दिवारों पर चित्रित की गयी हैं और __________ स्तूप के चारों ओर बनी रेलिंग पर भी चित्रित हैं।

35. रिक्त स्थान भरिये : 1x2=2

भाक्ति और सूफी संतों की रचनायें क्रमशः __________ और __________ कहलाती हैं।

## खण्ड – ख

36. चौथी बौद्ध समिति का आयोजन कहाँ और किसके संरक्षण में हुआ ? 2

37. कृषि के क्षेत्र में मोहम्मद तुगलक द्वारा किये गये किन्हीं दो सुधारों का उल्लेख करें। 2

38. दक्षिण राज्यों के प्रति औरंगजेब की नीति क्या थी ? किन्हीं दो का परीक्षण कीजिए। 2

**अथवा**

मध्यकालीन भक्ति आंदोलन की किन्ही दो विशेष्ताओं का वर्णन कीजिए।

39. ईश्वर चंद्र विद्यासागर द्वारा लड़कियों के लिये किये किन्हीं दो सुधारों का उल्लेख कीजिए। 2

40. शीत युद्ध के लिए जिम्मेदार किन्हीं दो कारकों को समझाइए। 2

**अथवा**

बीसवीं शताब्दी के किन्हीं दो प्रमुख कला आंदोलनों के नाम बतायें।

**मॉड्यूल - 6A और 6B में से किसी एक के प्रश्न का उत्तर दीजिये :**

**वैकल्पिक मॉड्यूल - 6A**

**(भारत में राज्यों का विकास)**

41. 1857 के बाद अंग्रेजों के भारतीय राज्यों के साथ संबंधों में किस प्रकार से बदलाव आया ? किन्हीं दो का परीक्षण कीजिए। 2

**वैकल्पिक मॉड्यूल - 6B**

**(भारत में सांस्कृतिक विकास)**

41. वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं ? परीक्षण कीजिए। 2

42. प्रारंभिक वैदिक आर्यों का प्रमुख व्यवसाय क्या था ? क्या उन्हें कृषि की जानकारी थी ? व्याख्या कीजिए। 3

43. अपने दरबार को भव्य रूप प्रधान करने के लिए बलबन ने कौन से कदम उठाये ? किन्हीं तीन की व्याख्या कीजिए। 3

44. 'धन निष्कासन सिद्धान्त' किसने प्रतिपादित किया था ? 'धन निष्कासन सिद्धान्त' से क्या अभिप्राय है ? 3

**अथवा**

भारत लौटने के बाद गाँधीजी ने सर्वप्रथम जिन तीन आंदोलनों का नेतृत्व किया उनके नाम लिखें।

45. अलाउद्दीन खिलजी ने सेना को मजबूत करने के लिए कौन सी नयी प्रथाओं को प्रारंभ किया ? किन्हीं तीन का उल्लेख कीजिए। 3

**अथवा**

मध्यकालीन भारत में वास्तुकला के क्षेत्र में कौन से महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए ? किन्हीं तीन का उल्लेख कीजिए।

46. ट्रूमैन सिद्धांत की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। 3

**अथवा**

मार्शल योजना के किन्हीं तीन बिंदुओं के बारे में लिखिये।

47. द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने जापान को आत्म समर्पण के लिये किस प्रकार बाध्य किया ? परीक्षण कीजिए। 3

48. हण्टर आयोग द्वारा की गयी किन्हीं पांच सिफारिशों की व्याख्या कीजिए। **5**

**अथवा**

1857 के विद्रोह की असफलता के क्या कारण थे ? किन्हीं पांच की व्याख्या कीजिए।

49. 1905 में बंगाल विभाजन का प्रतिरोध लोगों ने किस प्रकार किया ? किन्हीं पांच की उल्लेख कीजिए। **5**

**अथवा**

आरंभिक राष्ट्रवादियों की चिंता से जुड़े किन्हीं पांच प्राथमिक मुद्दों की विवेचना करें।

**मॉड्यूल - 6A और 6B में से किसी एक के प्रश्न का उत्तर दीजिये :**

**वैकल्पिक मॉड्यूल - 6A**

**(भारत में राज्यों का विकास)**

50. गणतांत्रिक महाजनपदों की किन्हीं पांच विशेषताओं की व्याख्या लिखिये। **5**

**वैकल्पिक मॉड्यूल - 6B**

**(भारत में सांस्कृतिक विकास)**

50. विज्ञापन विज्ञापनदाताओं के लिये कितना महत्वपूर्ण है ? इसे किन्हीं पांच पहलूओं के संदर्भ में बताइए। **5**

51. हड़प्पा सभ्यता के निम्नलिखित स्थलों को भारत के रेखा मानचित्र पर चिन्हित कीजिये : **1x5=5**

(i) मोहनजोदड़ो (ii) धौलावीरा

(iii) कालीबंगा (iv) लोथल

(v) नागेश्वर

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों** के लिये मानचित्र पर आधारित प्रश्न संख्या. **51** के स्थान पर है। **1x5=5**

(i) इस सभ्यता को हड़प्पा सभ्यता के नाम से क्यों जाना जाता है ?

(ii) मोहनजोदड़ो की खुदाई किसके द्वारा की गयी ?

(iii) महान स्नानागार कहाँ पाया गया ?

(iv) हड़प्पा स्थल का नाम बतायें जो मोती / मनके बनाने के लिये प्रसिद्ध था।

(v) किस हड़प्पाई स्थल पर संयुक्त अंत्येष्टि स्थल पाये गये हैं ?

**- o 0 o -**

| अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

इस मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी करें

51.

